RAF SECTOR

NEWS CLIP

24/04/2022

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Prabhat Khabar, Deoghar, (JKD)

रैफ अधिकारियों ने देश सेवा से जुड़ने के लिए छात्र-छात्राओं को किया प्रोत्साहित

देवघर. गोवर्धन साहित्य उच्च विद्यालय व आरमित्रा प्लस टू हाईस्कूल में 106 बटालियन द्रुत कार्य बल (रैपिड एक्शन फोर्स) की ओर से यूनिफॉर्म सर्विस के लिए जागरूक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसमें रैफ के डिप्टी कमांडेंट धीरेंद्र कुमार महंती व सहायक कमांडेंट विश्वदीप कुमार ने छात्र-छात्राओं को विभिन्न तरह की जानकारी दी तथा यूनिफॉर्म सर्विस में आने के लिए प्रोत्साहित किया. उन्होंने बताया कि इंटर के बाद कोई भी शारीरिक परीक्षा पास कर देश सेवा के लिए आगे आ सकते हैं. छात्राओं को भी बल में आने के लिए प्रोत्साहित किया गया. साथ ही सभी हथियार व बल के कार्यों के बारे में जानकारी दी गयी. छात्राओं को स्वयं की सुरक्षा करने की बारीकियां सिखायी गयी. साथ ही दोनों स्कूलों में वालीबॉल, वालीबॉल नेट व फुटबॉल देकर बच्चों को प्रोत्साहित किया गया. आरमित्रा प्लस टू हाईस्कूल में एनसीसी के छात्रों सहित अन्य छात्रों ने यूनिफॉर्म सर्विसेज के बारे में जानकारी हासिल की. साथ ही रैफ के जवानों द्वारा उपयोग में लाये जाने वाली हथियारों का प्रदर्शन भी किया. मौके पर आरमित्रा के प्राचार्य कार्तिक प्रसाद तिवारी सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे.

Dainik Bhaskar, Shahpura, (RAJ)

महिला जवानों ने स्कूली बच्चों को योग करना सिखाया

जमवारामगढ़ । आजादी के अमृत महोत्सव भारत सरकार द्वारा योगा अभियान के तहत 83 बटालियन द्रुत कार्य बल के जवानों ने निमडिया जमवारामगढ़ में स्कूली बच्चों को योग करना सिखाया। 8वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के तत्वाधान में चलाये जा रहे योगा कार्यक्रम में कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह के नेतृत्व में जवानों ने विद्यार्थियों के साथ योगाभ्यास किया। सहायक कमांडेंट श्रवण लाल मीणा ने बच्चों को योग के महत्त्व को बताया। जीवन में योग से स्वास्थ्य में फायदों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जीवन में योग महत्वपूर्ण है। बटालियन की महिलाओं जवानों ने स्कूल के बच्चों के साथ योगाभ्यास किया।

Dainik Bhaskar, Degana, (RAJ)

रेपिड एक्शन फोर्स ने पुलिस के साथ निकाला मार्च, जुटाई अनेक जानकारी

डेगाना. स्थानीय पुलिस थाना में खड़ी रेपिड एक्शन फोर्स की टीम।

आलनियावास में गुजरती रेपिड एक्शन फोर्स का फ्लैग मार्च।

भास्कर संवाददाता | डेगाना

डेगाना थाना क्षेत्र में सीआरपीएफ शाखा के रेपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) की सी-83 बटालियन के जवानों ने डेगाना विधानसभा क्षेत्र के डेगाना शहर थाना, पादुकलां थाना क्षेत्र, पुलिस थाना थांवला के स्थानीय पुलिस डेगाना थाना सीआई सुभाषचंद्र पुनिया, पादूकलां थानाधिकारी सुमन के साथ फ्लैग मार्च निकाला।

क्षेत्र में भविष्य में कोई दंगा या विपरीत परिस्थिति होने की स्थिति में तथा उससे निपटने के लिए शनिवार दोपहर को सीआरपीएफ शाखा के रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) की सी-83 बटालियन के जवानों ने डेगाना थाना क्षेत्र में स्थानीय पुलिस के साथ फ्लैग मार्च निकाला। यहां आरएएफ के अधिकारियों ने फ्लैग मार्च के दौरान इलाके की भौगोलिक स्थिति का जायजा लेते हुए क्षेत्र के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल की। आरएएफ टुकड़ी कमांडेंट प्रवीण कुमार के मार्गदर्शन में उप कमांडेंट उगमाराम व सहायक कमांडेंट धर्मेंद्र सिंह मीणा के नेतृत्व में सी-83 बटालियन ने स्थानीय डिप्टी नन्दलाल सैनी, सीआई सुभाषचंद्र पुनिया, एएसआई रामेश्वर लाल सारस्वत से संवेदनशील व अति संवेदनशील इलाकों की जानकारी लेते हुए शहर के मुख्य बाजार में और कई इलाकों में फ्लैग मार्च निकालकर भविष्य में जरूरत पड़ने पर तुरन्त विरोधियों पर अटैक करने के लिए शीघ्र पहुंचकर उचित कार्यवाही की जा सके। आरएफ के सहायक कमांडेंट धर्मेंद्र सिंह मीणा ने जानकारी दी।एएसआई सोहनलाल, कांस्टेबल बलवीर भींचर, लादू राम, श्याम लाल सहित रेपिड एक्शन फोर्स की टीम ने शहर में फ्लैग मार्च निकाला।

फोर्स ने आलनियावास में किया फ्लैग मार्च

आलनियावास | केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेशानुसार रैपिड एक्शन फोर्स की 83 बटालियन के कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह के मार्ग निर्देशन में शनिवार को आलनियावास के बस स्टैंड, सदर बाजार एवं इमाम चौक आदि संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया गया। इस दौरान नागौर पुलिस से एएसआई सोहनलाल एवं पुलिस थाना थांवला से एएसआई यासीन खान मौजूद थे। उगमाराम ऑफ कमांडेंट ने बताया कि परिचय अभ्यास के दौरान इलाके की जनसंख्या, सामुदायिक दृष्टि से संवेदनशील जगह तथा विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा की सूची तैयार की जाएगी ताकि भविष्य में किसी प्रकार की कोई सांप्रदायिक तनाव एवं दंगा की स्थिति गठित होने या प्राकृतिक आपदा होने पर अधिक कारगर ढंग से उस पर नियंत्रण एवं कार्यवाही की जा सके। फ्लैग मार्च में निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद मीणा, निरीक्षक के.आर. मेघवाल, निरीक्षक जितेंद्रसिंह यादव, निरीक्षक मुकुट बिहारी जोरवाल आदि कार्मिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर समाजसेवी ब्रहादेव शर्मा भी फ्लैग मार्च में साथ-साथ थे।